संख्या-522/2017/1857/22-2-2016-17(199)/2017

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 **लखनऊ : दिनांक 06 जुलाई, 2017**

विषय:- जिला कारागार, झांसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी मुरलीधर पुत्र श्री मिठ्ठू लोधी, निवासी जनपद-झांसी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्यालय कारागार के पत्र संख्या-34860/प्रोबेशन-3 (एम-06-09-2016) दिनांक-26-09-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र दिनांक 26-09-2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार बन्दी मुरलीधर पुत्र श्री मिठ्ठू लोधी, ग्राम तालौड, थाना शाहजहांपुर, जनपद-झांसी का निवासी है। बन्दी के अपने बेटे की पत्नी से अवैध सम्बन्ध थे। बन्दी के दोनों पुत्र इसका विरोध कर रहे थे। पंचायत में खुलासा होने के कारण बन्दी ने अपने दोनों पुत्रों की दिनांक 03.03.2000 को लगभग 11.30 बजे रात्रि को कुल्हाडी से काटकर हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-294/2000 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302 में मा0 सत्र न्यायाधीश, झांसी के आदेश दिनांक 25.09.2001 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 23.07.2007 द्वारा यथावत् रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 02.09.2016 तक 14 वर्ष 11 माह 07 दिन की अपरिहार तथा 21 वर्ष 05 माह 04 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, झांसी ने पुन: अपराध करने में अशक्त न होने, कारागार में आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक/आर्थिक दशा रिहाई हेतु उपयुक्त न होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। प्रोबेशन बोर्ड ने अभिमत में कहा है कि बन्दी के अपने बेटे की पत्नी से अवैध सम्बन्ध थे। बन्दी के दोनों पुत्र इसका विरोध कर रहे थे। पंचायत में खुलासा होने के कारण बन्दी ने अपने दोनों पुत्रों की दिनांक 03.03.2000 को लगभग 11.30 बजे रात्रि को कुल्हाडी से काटकर हत्या कर जघन्य अपराध कारित किया है तथा इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, झांसी द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी मुरलीधर पुत्र श्री मिठ्ठू लोधी को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी मुरलीधर (बन्दी संख्या-137/16) पुत्र श्री मिठ्ठू लोधी, निवासी जनपद-सोनभद्र के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति शासन द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-522/2017/1857(1)/22-2-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, जनपद-झांसी।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार, झांसी।

3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्ंया-522/2017/1857@22-2-2016-17(199)/2017

दिनांक 06 जुलाई, 2017 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

जिला कारागार, झांयी में निरूद्ध बन्दी मुरलीधर (बन्दी संख्या-137/16) पुत्र श्री मिठ्ठू लोधी, ग्राम तालौड, थाना शाहजहांपुर, जनपद-झांसी का निवासी है। बन्दी के अपने बेटे की पत्नी से अवैध सम्बन्ध थे। बन्दी के दोनों पुत्र इसका विरोध कर रहे थे। पंचायत में खुलासा होने के कारण बन्दी ने अपने दोनों पुत्रों की दिनांक 03.03.2000 को लगभग 11.30 बजे रात्रि को कुल्हाडी से काटकर हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-294/2000 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302 में मा0 सत्र न्यायाधीश, झांसी के आदेश दिनांक 25.09.2001 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 23.07.2007 द्वारा यथावत् रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 02.09.2016 तक 14 वर्ष 11 माह 07 दिन की अपरिहार तथा 21 वर्ष 05 माह 04 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, झांसी ने पुन: अपराध करने में अशक्त न होने, कारागार में आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक/आर्थिक दशा रिहाई हेतु उपयुक्त न होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। प्रोबेशन बोर्ड ने अभिमत में कहा है कि बन्दी के अपने बेटे की पत्नी से अवैध सम्बन्ध थे। बन्दी के दोनों पुत्र इसका विरोध कर रहे थे। पंचायत में खुलासा होने के कारण बन्दी ने अपने दोनों पुत्रों की दिनांक 03.03.2000 को लगभग 11.30 बजे रात्रि को कुल्हाडी से काटकर हत्या कर जघन्य अपराध कारित किया है तथा इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, झांसी द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी मुरलीधर पुत्र श्री मिठ्ठू लोधी को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त शासन द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई **अस्वीकार** किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in